हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 16 मई 2026

11 ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल कर किया प्रदर्शन



12 बेहतर रिजल्ट पर होनहार विद्यार्थियों का किया सम्मान



### अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में कांग्रेस-इनेलो-भाजपा पार्षद हुए एकजुट

# स्पेशल 26 ने वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा को कुर्सी से हटाया

- 31 में से 26 पार्षद बैठक में मौजूद रहे, सभी ने शर्मा के खिलाफ वोट डाला
- चेयरपर्सन व वाइस चेयरमैन के साथ ही चार और पार्षद गैरहाजिर रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद के वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा के खिलाफ शुक्रवार को अविश्वास प्रस्ताव तीन चौथाई से अधिक बहुमत से पारित हो गया। लंबे समय से चली आ रही नाराजगी और गुटबाजी के बाद 26 पार्षदों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करते हुए उपप्रधान की कुर्सी छीन ली। अविश्वास प्रस्ताव पारित कराने में कांग्रेस व इनेलो के साथ ही भाजपा के पार्षदों की अहम भूमिका रही।

दरअसल, दो महीने पहले 31 में से 25 पार्षदों ने जिला उपायुक्त को एफिडेविट सौंपकर अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग की थी। तभी से नगर परिषद में होने वाली इस अहम बैठक का इंतजार किया जा रहा था। शुक्रवार को एडीसी जगनिवास की अगुवाई में नगर परिषद कार्यालय में बैठक आयोजित हुई, जहां अधिकांश पार्षद पहले से ही उपप्रधान को हटाने का मन बनाकर पहुंचे। बैठक में कुल 31 में से 26 पार्षद मौजूद रहे। चेयरपर्सन सरोज राठी, उपप्रधान पालेराम शर्मा, पार्षद राजेश तंवर, प्रवीन छिल्लर, सविता सैनी और प्रवीण सोनू बैठक से अनुपस्थित रहे। उपस्थित सभी 26 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में अपना मत रखा, जिसके बाद प्रस्ताव पारित हो गया और पालेराम शर्मा को उपप्रधान पद गंवाना पड़ा।

प्रस्ताव पारित होते ही पार्षदों ने ढोल बजाकर खुशी जताई। पार्षदों ने खुलकर आरोप लगाए कि वाइस चेयरमैन की भाषा शैली और कार्यशैली से वे लंबे समय से आहत थे। कुछ पार्षदों ने कहा कि उन्हें लगातार धमकियां दी गईं और विकास में भी रोड़े अटकाए गए। तीखी टिप्पणी करते हुए पार्षद सुनैना मलिक ने कहा कि वाइस चेयरमैन ने अपनी वाणी से हमें घायल किया, अब हम उनके लिए घातक साबित हुए। अब सबकी नजर इस बात पर टिक गई है कि उपप्रधान पद के लिए अगला चेहरा कौन होगा। बहादुरगढ़ नगर परिषद में भाजपा की चेयरपर्सन हैं और वाइस चेयरमैन पालेराम भी भाजपा के ही थे। कांग्रेस, इनेलो के अलावा खुद भाजपा के पार्षदों ने भी उपप्रधान को हटा दिया है।

### वाइस चेयरमैन ने वाणी से हमें घायल किया, अब हम घातक साबित हुए : सुनैना



बहादुरगढ़। पालेराम शर्मा को कुर्सी से हटाने के बाद विजयी चिन्ह बनाकर खुशी जताते पार्षद।

### पार्षदों का मान-सम्मान सबसे ऊपर : कौशिक



अविश्वास प्रस्ताव के बाद कई पार्षद भाजपा नेता दिनेश कौशिक से मिले। कौशिक ने कहा कि उनके लिए बहादुरगढ़ का विकास और पार्षदों का मान-सम्मान सबसे ऊपर है। यदि किसी भी पार्षद के सम्मान को ठेस पहुंचती है तो यह बिल्कुल गलत है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### नगर परिषद की गरिमा बनाए रखना जरूरी : जून



अविश्वास प्रस्ताव के बाद कई पार्षद पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह जून से मिलने पहुंचे। पार्षदों ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। राजेंद्र जून ने कहा कि नगर परिषद की गरिमा बनाए रखना जरूरी है और जनप्रतिनिधियों को मर्यादा में रहकर कार्य करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** साइबर क्राइम थाने की अलग-अलग टीमों द्वारा साइबर फ्रॉड के दो मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी सोमबीर ने बताया कि बहादुरगढ़ निवासी व्यक्ति की शिकायत पर एएसआई जितेंद्र कुमार की टीम द्वारा एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान फैज निवासी एजाजनगर पुराना शहर बरेली के तौर पर की गई है। वहीं एक अन्य मामले में बादली निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत देते हुए बताया कि पार्ट टाइम जॉब का लालच देकर उसके साथ लाखों रुपये की साइबर ठगी हुई। इस मामले में कुनाल निवासी अजमेर, राजस्थान को पकड़ा गया है।

### मांडोठी के हनुमान मंदिर से दानपात्र चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव मांडोठी स्थित हनुमान मंदिर में चोरी की वारदात हो गई। जब श्रद्धालु मंदिर में आए तो वारदात का पता चला। देखा तो मंदिर का दानपात्र गायब था। उसके अंदर रखी दान की करीब 60 हजार रुपये की चोरी आंकी जा रही है। गांव निवासी धर्मेंद्र की शिकायत पर मांडोठी चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामले की तह तक जाने के लिए आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है।

### नई पीओएस मशीनों से राशन वितरण शुरू

**बहादुरगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा डिपो धारकों को फाइव-जी तकनीक वाली नई हाई-स्पीड पीओएस मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। वार्ड-14 में नई मशीनों से राशन वितरण की शुरुआत करते हुए पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने कहा कि अब राशन वितरण में केवल 10 सेकंड लगेंगे और लंबी लाइनों से राहत मिलेगी। नई मशीनों में फिंगर प्रिंट के साथ आंखों की स्कैनिंग सुविधा भी है, जिससे बुजुर्गों को आसानी से राशन मिल सकेगा। साथ ही नए इलेक्ट्रॉनिक कांटे मिलने से राशन वितरण में पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। इससे आम जनता को राहत मिलेगी।

### तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से सात वर्षीय मासूम की मौत

**झज्जर।** याकूबपुर-सौंधी मार्ग पर एक तेज रफ्तार वाहन ने ऑटो से उतर रहे एक सात वर्षीय मासूम को अपनी चपेट में ले लिया, जिस कारण उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मूल रूप से यूपी के जिला संभल के आनंदपुर गांव निवासी करीब सात वर्षीय पुष्पेंद्र पुत्र हरकेश के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के पिता हरकेश ने बताया कि वह पिछले करीब एक साल से अपने परिवार के साथ दादरी तोए क्षेत्र में रह कर काम कर रहा है। शुक्रवार को वह अपने परिवार के साथ याकूबपुर से सौंधी रोड पर काम करने लिए ऑटो में गया था। जब वे ऑटो से उतर रहे थे तो सौंधी गांव की ओर से रही एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उसके पुत्र पुष्पेंद्र को सीधी टक्कर मार दी। गाड़ी चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया, जबकि उसके पुष्पेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। पुलिस द्वारा चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### उद्योग विकास मंच-बीसीसीआई ने उठाया मुद्दा

## एमआईई में अवैध रास्तों को बंद करने की कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



एमआईई में अवैध रास्तों से भारी वाहनों के आवागमन के मुद्दे पर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। उद्योग विकास मंच-बीसीसीआई की ओर से लगातार उठाए गए मुद्दे के बाद प्रशासन, नगर परिषद और पुलिस विभाग ने संयुक्त निरीक्षण कर अवैध मार्गों को बंद करने की प्रक्रिया शुरू करवाई।

उद्योग विकास मंच के पदाधिकारियों का कहना है कि अवैध रास्तों से भारी वाहनों की आवाजाही के कारण क्षेत्र में दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा था। साथ ही सड़कों को नुकसान पहुंचने और प्रदूषण जैसी समस्याएं भी सामने आ रही थीं। इस संबंध में मंच की ओर से प्रशासन और नगर परिषद को कई बार पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की गई थी। अब प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और यातायात को व्यवस्थित बनाने के लिए अवैध मार्गों पर रोक लगाई जाएगी।इस दौरान एसडीएम अभिनव सिवाच, डीसीपी मयंक मिश्रा, एसएचओ महेंद्र, एएसआई संदीप तथा नगर परिषद के ईओ संजय रोहिल्ला सहित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। उद्योग विकास मंच-बीसीसीआई की ओर से विकास आनंद सोनी, पवन जैन, अजय खट्टर, एसएन दीक्षित, गुलशन सेतिया, अखिल मित्तल, नरेश बंसल, संजय नारंग और नरेंद्र छिकारा सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### राहत — कचरे के ढेर हटने से लोगों ने ली चैन की सांस

## 14 दिन बाद सफाई कर्मचारी काम पर लौटे, चौक-चौराहों से हटे कूड़े के अंबार



झज्जर। गली में सफाई करते और कूड़ा उठाते हुए सफाई कर्मचारी। करीब 14 दिन बाद गलियों में सफाई करने का काम शुरू हुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पिछले 14 दिनों से पूर्णतया हड़ताल पर चल रहे नगर परिषद के सफाई कर्मचारी शुक्रवार को काम पर लौट आए। इसके कारण शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, गली मोहल्लों में लगे कूड़े के ढेर उठना शुरू हो गए हैं और आमजन ने राहत की सांस ली है। कर्मचारी अलसुबह से ही काम में जुट गए और गली और नालियों की सफाई करते हुए अव्यवस्था को ठीक किया। बता दें कि विभिन्न लंबित मांगों को लेकर नगर परिषद के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर थे, जिसके कारण शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई थी। मुख्य चौराहों पर सैकड़ों टन कूड़े के ढेर लग गए थे। भीषण गर्मी और बदबू से दुकानदारों का धंधा चौपट हो रहा था और बीमारियां फैलने का खतरा मंडराने लगा था। बाद में यूनियन के पदाधिकारियों और सरकार के बीच सहमति हुई।

### घरों पर आने लगी कूड़ा उठाने वाली गाड़ी

**बहादुरगढ़।** करीब 14 दिन तक चली सफाई कर्मियों की हड़ताल के बाद शुक्रवार सुबह शहर में सफाई व्यवस्था दोबारा पटरी पर लौटती दिखाई दी। सुबह घरों से कचरा उठाने वाली गाड़ियां कॉलोनियों और मोहल्लों में पहुंचीं तो लोगों ने राहत महसूस की। कूड़ा नहीं उठने के कारण शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए थे और लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। हड़ताल के दौरान न केवल बाजारों और गलियों में कचरा जमा हो गया था, बल्कि घरों से भी कचरा नहीं उठाया जा रहा था। इससे दुर्गंध फैलने लगी थी और लोगों में बीमारियों का डर भी बना हुआ था।






## माधुरी के जन्मदिन पर फिल्म 'मां बहन' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की कॉमेडी फिल्म 'मां बहन' का इंतजार अब खत्म हो गया है। आखिरकार, निर्माताओं ने आज फिल्म 'मां बहन' के टीजर के साथ ही इसकी रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। शुक्रवार को माधुरी दीक्षित के 59वें जन्मदिन पर निर्माताओं ने खासतौर पर फिल्म 'मां-बहन' का टीजर जारी किया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'मां बहन' की रिलीज डेट भी बता दी है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर टीजर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'धक धक हो रहा है? तारीख नोट कर लो। 'मां बहन' 4 जून से केवल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।' यह टीजर 46 सेकंड लंबा है, जिसकी शुरुआत माधुरी और तृप्ति से होती है। दोनों मिलकर एक लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश करती हैं, जिसमें उनकी मदद धर्णा दुर्गा करती हैं।

लाइफ Style



## आरती
## श्रीमद् भगवद गीता लेकर कान में छा गईं

कान फिल्म फेस्टिवल 2026 के रेड कार्पेट पर जहां पहले दिन से ही आलिया भट्ट अपने ग्लैमर अवतार में लगातार नजर आ रही हैं वहीं इस वक्त एक और नाम ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। ये हैं आरती खेतरपाल जिन्होंने वृंदावन थीम के साथ वहां रेड कार्पेट पर सबका दिल मोह लिया है। श्रीमद् भगवद गीता के साथ काम फिल्म फेस्टिवल में उनकी एंट्री ने अब खूब तलहका मचा दिया है। हर तरफ उनकी जोर-शोर से चर्चा चल रही है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आरती खेतरपाल मूल रूप से भजन सिंगर हैं। साल 2018 में मीका सिंह के गाने 'समा' में नजर आईं और इससे उन्हें पहचान भी मिली। वो वृंदावन में रहकर भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता से जुड़ी बातें शेयर करती रहती हैं। इसके अलावा कुतुब मीनार, रागिनी एमएमएस रिटर्न्स, प्यार इश्क रेंट, मुस्कुराहटें, इनसाइड ऐज जैसे शोज में नजर आईं। कान के रेड कार्पेट पर भारतीय परंपरा, सनातन धर्म , वृंदावन की झलकियां, श्रीमद् भगवद गीता , मंत्र जाप की थेली, हरे कृष्णा मंत्र जैसी चीजों को अपने में समेटे हुए आरती ने एक मिसाल कायम कर दी। इस बार इस इवेंट में कुछ ऐसा हुआ जो इससे पहले कभी नहीं हुआ। बता दें कि आरती का ये अंदाज किसी फैशन को लेकर नहीं बल्कि ये चीजें उनकी आस्था और विश्वास को बयां कर रहे थे। उनके हाथ में भगवद गीता था जो काफी अर्थपूर्ण लग रहा था। आरती इस ग्लैमरस मौके पर आध्यात्मिक भाव से भरी दिखीं जैसे वो यहां सनातन धर्म को प्रतिनिधित्व कर रही हों। आरती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'और फिर कान के इतिहास में पहली बार उन्होंने वैष्णवों और कृष्ण को समर्पित एक भेंट के रूप में गर्वपूर्वक कान के रेड कार्पेट पर सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया। यह ईश्वर में विश्वास रखने वाले हर इंसान के लिए है।' पोस्ट में आगे लिखा गया है, 'हमारे सभी गुरुओं और संतों को, जो हमें जप करना सिखाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला




## द बैटमैन 2 में स्कारलेट सेबेस्टियन शामिल

**लॉस एंजिल्स।** निर्देशक मैट रीव्स ने द बैटमैन: पार्ट 2 की कास्ट में कई नए कलाकारों के शामिल होने की पुष्टि की है। ये घोषणाएं सोशल मीडिया पर की गईं, जहां रीव्स ने स्कारलेट जोहानसन, सेबेस्टियन स्टेन और चार्ल्स डांस का गोथम यूनिवर्स में स्वागत किया। यह घोषणा उन खबरों के सामने आने के कुछ महीनों बाद आई है जिनमें कहा गया था कि जोहानसन (ब्लैक विडो) और सेबेस्टियन स्टेन (द अप्रेंटिस) इस सीक्वल में रॉबर्ट पैटिनसन के साथ जुड़ेंगे। खबरों के मुताबिक, स्टैन हार्वे डेंट का किरदार निभाएंगे, जबकि जोहानसन कथित तौर पर उनकी पत्नी गिल्डा का किरदार निभाएंगी। यह मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में विंटर सोल्जर और ब्लैक विडो का किरदार निभाने वाले सितारों का रियूनियन होगा। वहीं दूसरी ओर, डांस हार्वे के पिता चार्ल्स डेंट का किरदार निभाएंगे।



## बारबरा ने की प्रेगनेंसी की घोषणा, पति डेलन भी दिखे साथ

**पेरिस।** मॉडल बारबरा पेल्विन और उनके पति, अभिनेता डेलन स्प्राउस ने अपनी पहली गर्भावस्था की खुशखबरी का ऐलान कर दिया है। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर उन्होंने इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने साशोल मीडिया हैंडल पर भी एक खास पोस्ट शेयर किया है। गुरुवार को बारबरा और उनके पति डेलन कान 2026 के रेड कार्पेट पर पहुंचे। बारबरा हल्के नीले सैटिन गाउन में बहुत खूबसूरत लग रही थीं। उनके पति डेलन क्लासिक टक्सीडो में हैंडसम दिख रहे थे। दोनों ने बारबरा के बेबी बंप को प्यार से सहलाते हुए तस्वीरें खिंचवाईं। बारबरा ने इंस्टाग्राम पर अपनी प्रेगनेंसी की खुशखबरी शेयर की है। बारबरा ने इस पोस्ट में अपने बच्चे की सोनोग्राफी (अल्ट्रासाउंड) की तस्वीर भी शेयर की है। बारबरा और डेलन को कई सेलेब्स बधाई दे रहे हैं। बारबरा और डेलन की पहली मुलाकात 2017 में एक पार्टी के दौरान हुई थी। बाद में बारबरा ने डेलन को इंस्टाग्राम पर फॉलो किया और बातचीत शुरू हो गई। 2018 में डेलन चीन शूटिंग के लिए गए थे। बारबरा उनसे मिलने चीन चली गईं। 2018 जून में दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी और रिश्ते को सार्वजनिक भी किया। जनवरी 2019 में दोनों एक साथ रहने लगे। जुलाई 2023 में बुडापेस्ट के एक चर्च में दोनों ने शादी कर ली।



## रूपी ने कान फिल्म फेस्टिवल में बिखेरा जलवा

**मुंबई।** पंजाबी अभिनेत्री रूपी गिल ने कान फिल्म फेस्टिवल 2026 के रेड कार्पेट पर बहुत खूबसूरती से एंट्री की। उन्होंने पंजाबी सिनेमा का प्रतिनिधित्व किया और अपनी आने वाली फिल्म 'चढ़दी कला' का प्रचार किया। यह फिल्म 29 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कान 2026 में रूपी गिल पारंपरिक पंजाबी कपड़ों में सजी हुई नजर आईं। उन्होंने हल्के क्रीम रंग (आइवरी) का शरारा सेट पहना है। इसमें छोटा कुर्ता और घेरदार शरारा पैंट है, जिस पर सोने के रंग की सुंदर कढ़ाई और प्रिंटिंग की गई है। इस पंजाबी लुक में सबसे खास रूपी का फुलकारी स्टाइल का आइवरी दुपट्टा लगा, जिसके किनारों पर भारी सोने की कढ़ाई है। उन्होंने दुपट्टा पारंपरिक पंजाबी तरीके से सिर पर ओढ़ रखा है। उन्होंने इस लुक को पारंपरिक गहनों से पूरा किया।




## गुजराती फिल्म लालो ने रचा इतिहास

**मुंबई।** गुजराती फिल्म 'लालो- कृष्ण सदा सहायते' ने कान फिल्म फेस्टिवल में इतिहास रच दिया है। यह उन पहली गुजराती फिल्मों में से एक बन गई है जो ग्लोबल लेवल पर पहुंची है। यह फिल्म भारत की क्षेत्रीय कहानियों को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक ले गई है। कान में 'लालो' का पहुंचना गुजराती सिनेमा के लिए मील का पत्थर है। फिल्म की कामयाबी और ग्लोबल पहचान के लिए आभार व्यक्त करते हुए, निर्माताओं ने इस पूरे सफर के दौरान सपोर्ट देने के लिए दर्शकों को धन्यवाद कहा है। फिल्म के निर्देशक अंकित सखिया ने एक बयान में कहा 'कान फिल्म फेस्टिवल में 'लालो' की अगुआई करना हमारे लिए गर्व की बात है। हमारा मानना है कि हमारी भाषा, हमारी संस्कृति और यह फिल्म ही हमें यहां तक लाई है। हमें 'लालो' के जरिए गुजरात और उसकी संस्कृति का एक छोटा सा हिस्सा ग्लोबल स्तर पर ले जाने का सम्मान मिला है।

## टीवी मसाला



## ओटीटी पर एक नए ट्विस्ट के साथ रिलीज होगी धुरंधर 2

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर 2' ने बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। यह 1000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है। अब भी यह भी फिल्म सिनेमाघरों में मौजूद है, इसे रिलीज हुए 57 दिन हो चुके हैं। जल्द ही यह ओटीटी पर भी स्ट्रीम होगी। लेकिन, एक नए ट्विस्ट के साथ फिल्म 'धुरंधर 2' ओटीटी पर दर्शकों को देखने को मिलेगी। धुरंधर 2' जल्द ही जीयोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। 4 जून को इसका डिजिटल प्रीमियर होगा, इसमें एक्टर्स से बातचीत भी शामिल होगी। अगले दिन यानी 5 जून को यह इस प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। दर्शकों को ओटीटी पर 'धुरंधर 2' का बिना काट-छांट वाला वर्जन देखने को मिलेगा। जो सीन्स थिएटर में दर्शकों को देखने को नहीं मिले, वह ओटीटी पर नजर आ सकते हैं। फिल्म 'धुरंधर 2' को सिनेमाघरों में 57 दिन हो चुके हैं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है। इसने 57वें दिन 42 लाख रुपये कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1,144.56 करोड़ रुपये हो चुका है। यह बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। वहीं वर्ल्डवाइड भी इस फिल्म ने 1,846.92 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, आर. माधवन, गौरव गेरा, राकेश बेदी, संजय दत्त जैसे उम्दा कलाकार नजर आए। फिल्म को आदित्य धर ने निर्देशित किया था। इस फिल्म का पहला पार्ट भी दर्शकों को पसंद आया था।

## अनदेखी में नजर आ रहीं लवीना

**नई दिल्ली।** जोधा अकबर टीवी का पॉपुलर शो है, जिसने दो साल में फैंस के दिलों पर राज किया। इस शो को एकता कपूर ने बालाजी टेलीफिम्स के जरिए प्रोड्यूस किया। वहीं, रजत टोकस ने अकबर की भूमिका अदा की और परिधि शर्मा ने जोधा बाई का किरदार निभाया।



इसके अलावा एक्ट्रेस लवीना टंडन भी जोधा अकबर शो में नजर आईं। उन्होंने अकबर की पहली पत्नी रुकैया सुल्तान बेगम का किरदार निभाया। वह इस किरदार में खूब पॉपुलर हुईं। जबकि स्माइली सूरी ने उनसे पहले कुछ एपिसोड में रुकैया बेगम का किरदार निभाया था। लवीना टंडन टीवी की दुनिया से भले ही दूर हैं। लेकिन, ओटीटी पर इन दिनों वह छाई हुई हैं। वह अनदेखी और लुक्खे में नजर आ रही हैं। अनदेखी में उनका किरदार एक पुलिसवाली का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। जबकि लुक्खे में उनका किरदार काफी अलग है. वह गालियां देती, ड्रग्स बेचती और बंदूक चलाती दिख रही हैं। लवीना टंडन ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट टीवी की दुनिया में कदम रखा था। वह 2004 में तुम बिन जाऊं कहां से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा।

## अक्षय के डायलॉग से लेकर सुनील की कॉमेडी ने मचाया धमाल

**मुंबई।** इस साल की मोस्ट अवेटेड कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर आज रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार की परफेक्ट कॉमेडी और बाकी सितारों के कॉमिक अंदाज से भरपूर यह टीजर एक शानदार फैमिली एंटरटेनर है। आखिरकार, शुक्रवार को अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर जारी कर दिया गया है। अक्षय कुमार की जबरदस्त कॉमेडी और बाकी सितारों के मजेदार अंदाज से भरा यह टीजर पूरे परिवार के लिए बहुत अच्छा मनोरंजन है। टीजर की शुरुआत अक्षय कुमार के एक मजेदार डायलॉग से होती है। वे कहते हैं, 'सूचना- इस फिल्म में किसी भी जानवर का इस्तेमाल नहीं किया गया है, सिवाय कुछ घोड़ों के और हम...।' 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर में बहुत हंसी-मजाक है। सबसे ज्यादा मजेदार अक्षय कुमार के डायलॉग हैं। सुनील शेट्टी जब अक्षय पर गोली चलाते हैं और उनसे पूछते हैं, 'तू मरता क्यों नहीं?' तब अक्षय कहते हैं- 'मैं मरने में जान डाल रहा हूं।' फिल्म के टीजर में कॉमेडी, कन्फ्यूजन और अफरा-तफरी से भरा माहौल दिखाया गया है, जहां हर मोड़ पर हंसी का धमाका देखने को मिलता है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में कुल 34 कलाकार हैं। मुख्य कलाकारों में शामिल हैं- अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी,



दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जॉनी लीवर, तुषार कपूर और राजपाल यादव। यह फिल्म 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है। इस फिल्म को राकेश डांग, वेदांत विकास बाली और फिरोज ए. नाडियाडवाला ने मिलकर निर्मित किया है।

## इस एक्ट्रेस ने किया 2500 से ज्यादा फिल्मों में काम

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में कई मल्टी टैलेंटेड स्टार रहे हैं, लेकिन किसी एक्ट्रेस का मल्टी टैलेंटेड होना और 2 हजार से ज्यादा फिल्मों में नजर आना किसी अजूबे से कम नहीं है। इतना ही नहीं, ब्रह्मानंदम ने भी 1000 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है, लेकिन 2000 से ज्यादा का आंकड़ा सिर्फ एक एक्ट्रेस ने ही छुआ है और उनका नाम है- सुकुमारी। सुकुमारी ने ना सिर्फ अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाईं ,बल्कि अपने 6 दशक से ज्यादा के कॅरियर में तकरीबन 2500 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। एक्ट्रेस ने अपनी मर्जी से डिक अम्माई (बोइंग बोइंग) से देवकी (अरप्पट्टा केट्टिया ग्रामथिल) का रूप धर सकती थीं। उनके लिए, रेवती (पूचक्कोरू मूककुथी) से सुलोचना थंकप्पन (थलयनामंत्रम) तक का सफर उतना ही आसान था, जितना मैगी आंटी (वंदनम) से कन्नप्पा चेकावर की पत्नी (ओरु वडक्कन वीरगाथा), सुभद्रा कुंजम्मा (चक्कीकोथा शंकरन), और नबीसा (मिझिकल साक्षी) तक का सफर।

### मुश्किल है ये रिकॉर्ड तोड़ना



**एक्ट्रेस की फिल्म देखने में लगेंगे 6 साल** : दिलचस्प बात है कि अगर आज से हम रोज सुकुमारी की एक फिल्म देखें तो उन्हें निपटाने में लगभग 6 साल का टाइम लग जाएगा। एक्ट्रेस ने मलयालम से लेकर तमिल, तेलुगु, ओड़िया, बंगाली और हिंदी फिल्मों में भी काम किया है।

### 10 साल की उम्र में बड़े पर्दे पर शुरुआत की

6 अक्टूबर, 1940 को जन्मी सुकुमारी ने महज 10 साल की उम्र में तमिल फिल्म 'ओर इरावु' (1951) से बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत की। निर्देशक पी. नीलकांतन ने उन्हें इस फिल्म में एक भूमिका का प्रस्ताव दिया, जब संयोगवश वे अपने एक रिश्तेदार- दिग्गज अभिनेत्री पद्मिनी ('त्रावणकोर सिस्टर्स' तिकड़ी में से एक) के साथ फिल्म के सेट पर मौजूद थीं और निर्देशक की नजर उन पर पड़ गई। डांस के लिए उनके जुनून और उनकी स्वाभाविक एक्टिंग स्टाइल ने उन्हें बहुत जल्द ही फिल्म जगत में एक प्रमुख हस्ती बना दिया। सुकुमारी एक बेहतरीन एक्टर तो थी ही साथ ही वे एक कमाल की डांसर भी थीं। भरतनाट्यम और कथकली पर उनकी अच्छी पकड़ थी। उनके आंखों के एक्सप्रेशन दर्शकों को दिल जीत लेते थे।

### ऐसे सिंगर थे जिनकी आवाज सबके दिलों को छू देती थी

## इस दर्दभरे गाने के लिए रफी को लेने पड़े थे 47 रीटेक

**नई दिल्ली।** मोहम्मद रफी एक ऐसे सिंगर थे जिनकी आवाज सबके दिलों को छू देती थी और सबको अपना दीवाना बना देती थी। आज तक उनके कुछ प्यार और दर्द भरे ऐसे गाने हैं जो जेन जी जनरेशन तक सुनती है और उसको अपनी लाइफ से रिलेट भी करती है। रफी साहब की आवाज की एक खास बात यह थी कि ऐसा लगता था कि वह सामने बैठकर आपके दिल का हाल बयां कर रहे हैं। वैसे तो मोहम्मद रफी पहले ही टेक में बड़े से बड़ा गाना गा देते थे, लेकिन एक ऐसा गाना था जिसे गाते हुए वह संतुष्ट ही नहीं हो रहे थे और इसके लिए उन्होंने 47 रीटेक तक ले लिए थे।

### एसडी बर्मन की तबीयत बिगड़ गई थी

बता दें कि फिल्म के बनते वक्त एसडी बर्मन की तबीयत बिगड़ गई थी। देव आनंद हालांकि एसडी बर्मन के साथ ही म्यूजिक डायरेक्ट करवाना चाहते थे इसलिए उन्होंने उनके ठीक होने का इंतजार किया और जैसे ही वह ठीक हुए इसके बाद उन्होंने कम्पोजिशन शुरू किया और फिर बेस्ट म्यूजिक दिया।




### रफी साहब के अवॉर्ड्स

मोहम्मद रफी ने अपने करियर में 7000 से ज्यादा गाने गाए हैं जिसमें से 14 इंडियन और 4 विदेशी गाने हैं। उनकी आवाज ने कई एक्टर्स को अपनी आवाज दी है और उनके करियर को नई पहचान दिलवाई है। इतना ही नहीं, रफी साहब को अपनी जादुई आवाज के लिए कई अवॉर्ड्स जीते हैं जिसमें 6 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स और पद्मश्री अवॉर्ड भी जीते हैं।

### 2 भाषा में बनी थी यह फिल्म

गाइड फिल्म की बात करें तो यह देव आनंद की पहली कलर फिल्म थी। दिलचस्प बात यह है कि यह मूवी 2 भाषा में बनी है हिंदी और इंग्लिश वर्जन में। देव आनंद के छोटे भाई विजय आनंद ने इंग्लिश वर्जन लिखा था राइटर पर्ल एस बक के साथ और डायरेक्ट टेज डैनियलवेस्की ने किया है। हालांकि इंग्लिश वर्जन को ज्यादा हाइप नहीं मिला यहां, लेकिन 2007 कान फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीन होने के बाद इसे पॉपुलैरिटी मिली। हालांकि, काफी मुश्किल था इस फिल्म को बनाना। ऐसा कहा जाता है कि पहले मेकर्स ने सोचा कि एक ही लोकेशन पर पहले हिंदी भाषा में शूट किया और फिर वहीं पर इंग्लिश भाषा में। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं और फिर अलग-अलग शूटिंग की गई।

### गाइड फिल्म का दर्दभरा गाना

जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है 'दिल ढल जाए'। यह गाना गाइड फिल्म का है, जिसे मोहम्मद रफी ने गाया है। इस गाने के म्यूजिक डायरेक्टर एसडी बर्मन हैं। वहीं, शैलेंद्र ने लिरिक्स लिखे हैं।

### दिल टूटने पर बना है यह गाना

दिल ढल जाए गाना दिल टूटने के दर्द पर आधारित है। इस गाने में देव आनंद के साथ वहीदा रहमान थीं। रफी साहब ने जब यह गाना गाया तो सबको काफी अच्छा लगा। एसडी बर्मन ने तो पहले ही टेक में उन्होंने पसंद कर लिया था। लेकिन, रफी को लगा कि यह परफेक्ट नहीं है। रफी साहब ने फिर 2-4 नहीं बल्कि 47 रीटेक लिए। इसके बाद जाकर उन्हें लगा कि उन्होंने कुछ परफेक्ट किया है, तब यह गाना फाइनल हुआ। जब यह गाना बन गया तब एसडी बर्मन ने उन्हें गले लगाकर कहा कि तुमने हिंदी सिनेमा को एक अमर गीत दिया है।

### धुन बनाना भी था काफी मुश्किल

वैसे ऐसा भी कहा जाता है कि इस गाने की धुन को बनाना भी आसान नहीं था। एसडी बर्मन ने बेटे आर डी बर्मन और संगीतकार जयदेव ने देर रात 11 बजे तक काम किया था।

## न्यूज डायरी

### स्टेट तैराकी व वाटर पोलो चैंपियनशिप 21 से



बहादुरगढ़। एचएल सिटी स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में 61वीं हरियाणा सीनियर राज्य तैराकी प्रतियोगिता और 77वीं हरियाणा सीनियर वाटरपोलो प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। दो दिवसीय प्रतियोगिता की शुरुआत 21 मई को होगी। हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि मैन और वुमेंस कैटेगरी में आयोजित प्रतियोगिता में 14 साल से ऊपर के तैराक भाग ले सकते हैं। फ्री स्टाइल, बैस्टस्ट्रोक, बैकस्ट्रोक, बटरफ्लाई, रिले और व्यक्तिगत मेडले इवेंट्स में तैराक भाग ले सकते हैं। इसके लिए एसएफआई और एचएसएस की वैध यूनिक आईडी होनी जरूरी है। एक तैराक 5 व्यक्तिगत इवेंट्स में भाग ले सकता है। प्रतियोगिता के दौरान ही सीनियर नेशनल स्विमिंग प्रतियोगिता के लिए हरियाणा के तैराकों का चयन भी किया जाएगा।

### राष्ट्रीय राजमार्ग-334 बी के साथ नियंत्रित क्षेत्र घोषित बिना अनुमति निर्माण, प्लॉटिंग पर होगी कार्रवाई

झज्जर। हरियाणा सरकार के नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-334 बी (झज्जर से चरखी दादरी मार्ग) के साथ लगते क्षेत्र को अतिरिक्त नियंत्रित क्षेत्र घोषित किया गया है। इस नियंत्रित क्षेत्र में गांव बिरड माजरा, जहाजगढ़, तामसपुरा, फोर्टपुरा, इस्लामगढ़, बीड छुछकवास, अच्छेज, पहाड़ीपुर, गोधड़ी तथा मातनहेल की राजस्व संपदा को शामिल किया गया है। जिला नगर योजनाकार अंजू ने बताया कि उक्त क्षेत्र नियंत्रित क्षेत्र घोषित होने के बाद यहां किसी भी प्रकार की वाणिज्यिक, औद्योगिक, शैक्षणिक, आवासीय अथवा अन्य लाभकारी गतिविधि शुरू करने से पहले महानिदेशक, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा, चंडीगढ़ से सीएलयू की अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

### पांच किलो 600 ग्राम डोडा पोस्त सहित काबू

झज्जर। एंटी नारकोटिक सेल की एक टीम द्वारा साल्हावास क्षेत्र से पांच किलो 600 ग्राम डोडा पोस्त सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि साल्हावास क्षेत्र में तैनात पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि कृष्णा मादक पदार्थ बेचने का अवैध धंधा करता हैं। जो फिलहाल अकेहड़ी मदनपुर से मुंडाहेडा मोड पर डोडा पोस्ट बेचने की फिराक में खड़ा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदेह के आधार पर एक युवक को पकड़ते हुए पूछताछ की। पूछताछ में युवक ने अपना नाम कृष्णा निवासी अकेहड़ी मदनपुर बताया। आरोपी की नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास से डोडा पोस्त बरामद हुआ। जिसका वजन करने पर पांच किलो 600 ग्राम पाया गया।

*प्रदेश में सफाई कर्मचारियों के करीब 9700 पद खाली, पक्का करने की मांग*

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल कर किया प्रदर्शन



झज्जर। लघु सचिवालय परिसर में हड़ताल में शामिल कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने दो दिन की हड़ताल की शुरुआत की। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले कर्मचारियों ने पहले दिन सरकार विरोधी नारे लगाते हुए अपनी लंबित मांगें पूरी करने की आवाज उठाई। प्रदर्शन की अध्यक्षता सुनील कुमार तथा संचालन जिला सचिव संदीप कुमार मारौत द्वारा किया गया।

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी लंबे समय से पक्का करने की नीति, उच्च न्यायालय के आदेश लागू करने, 400 की आबादी पर एक कर्मचारी की भर्ती, घोषित वेतन लागू करने और एक्सग्रेसिया नीति लागू करने जैसी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी आवाज अनसुनी कर रही है। प्रदेश में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के करीब 9700 पद खाली पड़े हैं। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को प्रदेशभर में तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन में सीआईटीयू जिला कन्वीनर किरण, सुनील व राम भगत ने भी संबोधित किया। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल के पहले दिन लघु सचिवालय में जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो यह दो दिवसीय हड़ताल आगामी दिनों के लिए भी बढ़ाई जा सकती है।

### मनरेगा मजदूरों की हड़ताल को किसान मोर्चा ने किया समर्थन

बहादुरगढ़। संयुक्त किसान मोर्चा की झज्जर इकाई ने खेत मजदूर संगठनों के संयुक्त मंच और मनरेगा संघर्ष मोर्चा द्वारा देशभर में की गई मजदूर हड़ताल का समर्थन किया। मोर्चा ने प्रदेश के सभी किसान संगठनों से भी आंदोलन के समर्थन की अपील की है। एसकेएम के राष्ट्रीय सदस्य जयकरण मांडोठी और सुमित छिकारा ने केंद्र सरकार से वीबी-ग्राम (जी) अधिनियम वापस लेकर 2005 के मनरेगा कानून को प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की। उन्होंने 200 दिनों के रोजगार की गारंटी, 700 रुपये न्यूनतम मजदूरी और हर साल महंगाई के अनुसार मजदूरी बढ़ाने की मांग उठाई। किसान नेताओं ने कहा कि मजदूरों की हाजिरी के लिए लागू फेसियल रिकग्निशन जैसी तकनीकी बाधाओं को हटाया जाए और ग्राम सभाओं को मनरेगा कार्यों में अधिक अधिकार दिए जाएं। नए कानून के तहत केंद्र सरकार ने अपनी वित्तीय हिस्सेदारी 90 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर दी है, जिससे राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और रोजगार के दिन कम हो सकते हैं। मोर्चा नेताओं ने कहा कि मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

## न्यूज डायरी



### डीसी ने राजस्व संबंधी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के दिए निर्देश

झज्जर। शुक्रवार को डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने जिले के राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए रजिस्ट्री, जमाबंदी, ततीमा कटिंग, भू नक्शा स्टेटस सहित अन्य राजस्व संबंधी कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व संबंधित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। इससे पहले वीसी के माध्यम से रोहतक मंडलायुक्त ने जिला अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीसी के उपरांत डीसी ने कहा कि नागरिकों से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएं, ताकि आमजन को समय पर सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की पेंडेंसी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### डीसी ने जल संचय-जनभागीदारी 2.0 कार्यक्रम की समीक्षा की

झज्जर। जल संचय जनभागीदारी अभियान 2.0 का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा सिंचाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना है। ऐसे में अधिकारी आमजन को इस अभियान से जोड़ते हुए जलसंरक्षण की दिशा में कार्य करें। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा के एसीएस अनुराग अग्रवाल की वीसी उपरांत अधिकारियों की बैठक में अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है और इसे जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए आपसी समन्वय से कार्य करें अधिकारी : डीसी

झज्जर। शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में जिलाभर में स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम को लेकर डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएमसी अभिनव सिवाच और जिप सीईओ मनीष फौगाट ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। डीसी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ जिले के निर्माण के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट के लिए भूमि चिन्हित की जाए। उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करना सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### बेटियों के शिक्षित होने से दो परिवारों भला : डीसी

झज्जर : बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान व बेटियों की सुरक्षा को लेकर सरकार सजग व सतर्क है। हमें बच्चियों को मान सम्मान देने के साथ-साथ उनका जन्म दिन भी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान एक राष्ट्रीय अभियान है, आमजन के सहयोग से लिंगानुपात शत प्रतिशत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। जिले में लिंगानुपात को शत प्रतिशत तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में लिंगानुपात कम है,ऐसे गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जाए।

### डीजल व पेट्रोल के दामों में वृद्धि से आम आदमी का बजट प्रभावित

बहादुरगढ़। अमेरिका-ईरान के बीच चल रहा तनाव वैश्विक समस्या की वजह बना हुआ है। महंगाई लगातार बढ़ रही है। देश में दूध, पेट्राल, डीजल और सीएनजी के दामों में वृद्धि हो रही है। अब शुक्रवार की सुबह पेट्रोल और डीजल के दामों में क्रमशः 3 रुपये 14 पैसे व 3 रुपये 11 पैसे की वृद्धि हुई। इसका असर आम नागरिक के बजट पर असर पड़ा है। स्थानीय निवासी सचिन, निशु व नवीन का कहना है कि पहले ही रसोई गैस, सब्जियों और रोजमर्रा के सामान के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, ऐसे में ईंधन महंगा होने से ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ेगा। इसका सीधा असर बाजार में सामान की कीमतों पर पड़ेगा। अभिषेक ने कहा कि रोजाना नौकरी के लिए वाहन से आना-जाना पड़ता है। पेट्रोल महंगा होने से महीने का बजट बिगड़ जाएगा। वहीं ऑटो चालक राजेश ने बताया कि किराया बढ़ाना मजबूरी बन जाएगी, लेकिन इसका असर यात्रियों पर पड़ेगा। व्यापारियों का कहना है कि ट्रांसपोर्ट महंगा होने से मंडियों से आने वाले फल-सब्जियों और अन्य सामान की लागत बढ़ेगी। आने वाले दिनों में खाद्य पदार्थों समेत कई जरूरी वस्तुएं महंगी हो सकती हैं।

### झगड़े में गैती और बिट्टे से हमला किया

बहादुरगढ़। गांव मातन में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान एक व्यक्ति पर गैती और बिट्टे से हमला किया गया। हमले में व्यक्ति को काफी चोट आई। पड़ोस में रहने वाले युवक पर आरोप है। वजह अभी स्पष्ट नहीं है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। मांडोठी चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मातन के निवासी मोहित का कहना है कि 13 मई को हमारे घर के आगे से नाली बन रही थी। हम अपने घर के बाहर बैठे थे। तभी पड़ोस में रहने वाला एक युवक अपनी मां के साथ आया और हमारे साथ झगड़ने लगा। इसके बाद मैं, पत्नी और मां घर के अंदर जाने लगे तो युवक ने रास्ता रोक लिया। मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। मां व पत्नी ने बीच बचाव का प्रयास किया। इसी दौरान युवक ने नाली में पड़ी गैती (कुदाल) उठाकर मेरे ऊपर वार किया। इसके बाद बिट्टे से वार किए गए। फिर धमकी देकर चला गया। आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की जाए। वहीं, पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

### नए बस स्टैंड के नजदीक से स्कूटी चोरी

झज्जर। शहर के नए बस स्टैंड के नजदीक स्थित एक दुकान पर जब एक व्यक्ति स्कूटी से उतर कर सामान लेने के लिए गया तो चंद मिनटों में सड़क पर खड़ी स्कूटी चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में सुभाष नगर निवासी सुदर्शन ने बताया कि वह कपड़े की दुकान चलाता है। बीती दस मई की रात करीब डेढ़ बजे वह नया बस स्टैंड गया था। लौटते समय जब वह एक खोखे पर सामान लेने के लिए रुका। जब वह सामान लेकर वापस आया तो उसकी स्कूटी वहां से चोरी हो चुकी थी। पीड़ित के अनुसार उसने स्कूटी को बाहर खड़ी कर चाबी उसी में लगी छोड़ दी थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एसआईआर अभियान के तीसरे चरण में मतदाता सूची का होगा विशेष सत्यापन

झज्जर। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिला की मतदाता सूचियों को अधिक पारदर्शी, शुद्ध और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात स्पेशल इंटेंसिव रिविजन अभियान के तीसरा चरण 30 मई से शुरू होकर दिसंबर तक चलेगा। हरियाणा में यह प्रक्रिया 15 जून से 22 सितंबर तक चलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना तथा मृत, स्थानांतरित अथवा डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाकर वास्तविक मतदाताओं का सही रिकॉर्ड तैयार करना है। अभियान के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और आवश्यक दस्तावेजों की जांच करेंगे।

# वैश्य कॉलेज में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। सुजाता वर्मा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वह छात्राओं को विषय चयन और दाखिले संबंधी जानकारी दे रही हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने 12वीं कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई देते हुए बताया कि बीए, बीकॉम, बीएससी और बीसीए प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क है। छात्राओं की सहायता के लिए कॉलेज में हेल्प डेस्क भी बनाई गई है, अनुभवी प्राध्यापिकाएं छात्राओं को उनकी रुचि और भविष्य की संभावनाओं के अनुसार विषय चयन में मार्गदर्शन दे रही हैं। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। पहली मेरिट सूची 11 जून को जारी होगी, जिसके बाद दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी। महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर बीए, बीकॉम, बीएससी और बीसीए पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। स्नातकोत्तर स्तर पर एमकॉम, एमए अंग्रेजी, एमए भूगोल, एमएससी गणित, एमएससी रसायन विज्ञान और एमएससी भौतिक विज्ञान की पढ़ाई भी कराई जाती है।

# एनएचएम कर्मचारियों ने की गेट मीटिंग लंबित मांगों के लिए उठाई आवाज

■ कर्मचारियों ने लंबित मांगों और वेतन भुगतान में हो रही देरी पर नाराजगी जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। गेट मीटिंग के दौरान उपस्थित एनएचएम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

एनएचएम कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को एक गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर 18 मई को प्रस्तावित महा प्रतिनिधिमंडल की तैयारियों को लेकर आयोजित इस गेट मीटिंग में कर्मचारियों ने लंबित मांगों और वेतन भुगतान में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। बैठक की अध्यक्षता संजय ने की, जबकि संचालन अंजू बागड़ी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले करीब एक वर्ष से उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा। मार्च और अप्रैल माह का वेतन भी अभी तक रुका हुआ है, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि 25 वर्षों से स्वास्थ्य सेवाएं देने के बावजूद उनकी मांगें लंबित हैं। उनकी मुख्य मांगों में नियमितीकरण नीति लागू करने, 7वें वेतन आयोग का लाभ देने, समान कार्य समान वेतन लागू करने, लंबित डीए जारी करने और स्थानांतरण नीति बहाल करना शामिल है। कर्मचारी संघ के सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि 17 मई तक मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 18 मई को चंडीगढ़ में होने वाले महा प्रतिनिधिमंडल में बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कर्मचारियों ने कहा कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

### कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र घायल

झज्जर। झज्जर-बादली फ्लाईओवर के पास तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। पुलिस को दी शिकायत में नजफगढ़ दिल्ली के गांव सुरहेड़ा निवासी नंद किशोर ने बताया कि वह एनसीडी दिल्ली में नौकरी करता है। बीती 14 मई की सुबह करीब 10 बजे वह अपने बेटे हर्ष के साथ मोटरसाइकिल पर गांव खातीवास गांव आ रहा था। बाइक उसका बेटा चला रहा था और वह पीछे बैठा था। जब वे झज्जर-बादली फ्लाईओवर से शहर की तरफ पहुंचे तो सामने से एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार ने उनकी मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी, जिससे वे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों द्वारा उन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। इस दौरान कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विद्यार्थियों को पीएम इंटर्नशिप योजना की दी जानकारी




बहादुरगढ़। राजकीय महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की ओर से विद्यार्थियों को करियर के बेहतर अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पर एक दिवसीय जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में महाविद्यालय के शिक्षक और प्लेसमेंट सेल के एसएलपीसी छात्र सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या सुमन हुड्डा ने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना युवाओं को देश की बड़ी कंपनियों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर देती है। उन्होंने सभी शिक्षकों से विद्यार्थियों को योजना के तहत अधिक से अधिक पंजीकरण के लिए प्रेरित करने की अपील की। प्लेसमेंट सेल की कन्वीनर रीना कुमारी ने कहा कि इस प्रकार के सेमिनार से फैकल्टी और छात्र प्रतिनिधियों को योजना की सही जानकारी मिलती है, जिससे वे अन्य विद्यार्थियों को भी रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शशि रापड़िया ने किया। मुख्य वक्ता हीरा रापड़िया ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए स्टाइपेंड, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने आवेदन की तकनीकी प्रक्रिया को भी चरणबद्ध तरीके से समझाया। इस दौरान प्लेसमेंट सेल द्वारा तैयार की गई पीपीटी और डिजिटल सामग्री भी स्टाफ सदस्यों के साथ साझा की गई, ताकि इसे विद्यार्थियों तक आसानी से पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों और छात्र प्रतिनिधियों ने अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज काउंसिल के सदस्य और सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# रोहतक के होटल में झज्जर के युवक ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

छोटूराम चौक स्थित एक निजी होटल में युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कमरे को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान झज्जर जिले के गांव आसंड़ा निवासी देवेंद्र पुत्र दिलबाग के रूप में हुई है। पुलिस मामले के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। वहीं एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।जानकारी के अनुसार छोटूराम चौक के पास स्थित एक निजी होटल में युवक पिछले कुछ समय से ठहरा हुआ था। होटल कर्मचारियों के मुताबिक युवक काफी शांत स्वभाव का दिखाई दे रहा था और उसने किसी प्रकार की परेशानी जाहिर नहीं की थी। देर शाम जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो होटल स्टाफ को शक हुआ। इसके बाद कर्मचारियों ने आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। मामला संदिग्ध लगने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा खुलवाया गया। अंदर युवक का शव संदिग्ध हालत में मिला। शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। कमरे से कुछ सामान और अन्य वस्तुएं भी बरामद की गई हैं, जिन्हें जांच के लिए कब्जे में लिया गया है।

### चांदपुर गांव में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

*झज्जर। क्षेत्र के गांव चांदपुर में मानसिक रूप से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान करीब 35 वर्षीय दीपक पुत्र रणबीर के तौर पर हुई है। दीपक जमींदारा करता था। सुबह उसका शव उसके प्लाट में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। जांच अधिकारी सागर ने बताया कि सुनील एक पुत्र व एक पुत्री का पिता था। मृतक के पिता के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।*

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की टीम ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# केंद्रीय टीम ने स्वास्थ्य संस्थानों का 4 दिन किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय की पांच सदस्यीय टीम ने 12 से 15 मई तक जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। टीम सदस्यों ने सीएचसी छारा, सब सेंटर गुढ़ा, यूपीएचसी सीताराम गेट, सीएचसी बादली, नागरिक अस्पताल तथा बहादुरगढ़ सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान टीबी, एनसीडी, मलेरिया एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सेवाओं से संबंधित रिकॉर्ड और ऑनलाइन पोर्टल की भी गहन समीक्षा की गई। टीम में सीनियर रीजनल डायरेक्टर डॉक्टर अमरजीत कौर, डॉक्टर मयूर, महेश गुरमुख सिंह, महेश चंद्रा पालीवाल, पूजा जांगड़ा और दीपिका शामिल रहे। अधिकारियों ने स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध सेवाओं, रिपोर्टिंग प्रणाली और पोर्टल अपडेट की स्थिति का जायजा लेते हुए स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सिविल सर्जन डॉक्टर मंजू कादियान ने कहा कि जिले में सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है और रिकॉर्ड व पोर्टल अपडेट नियमित रूप से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में सहायक साबित होते हैं। इस मौके पर डॉक्टर बसंत दुबे, डॉक्टर निधि मोमिया, डॉक्टर सुनीता तंवर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान के साथ उपस्थित टीम सदस्य।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने समीक्षा की



बहादुरगढ़। भारत सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय की टीम बहादुरगढ़ पहुंची। टीम ने यहां नागरिक अस्पताल और शहर के पीएचसी का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं तथा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डॉ. मयूर के नेतृत्व में पहुंची टीम ने अस्पताल की चिकित्सा सुविधाओं, कार्यप्रणाली और विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। सीएमओ डॉ. मंजू कादियान ने टीम का स्वागत करते हुए जिले में चलाए जा रहे स्वास्थ्य अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, कालाजार, फाइलेरिया और जापानी एन्सेफलाइटिस जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभाग लगातार प्रभावी कदम उठा रहा है। डॉ. विनय कुमार ने बताया कि टीम ने गैर संचारी रोगों, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, स्त्री रोग एवं परिवार कल्याण योजनाओं की समीक्षा की तथा केंद्र सरकार की स्वास्थ्य नीतियों की जानकारी भी साझा की। निरीक्षण के दौरान डॉ. देवेंद्र मेघा सहित अस्पताल के चिकित्सक और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### बैंक के बाहर से बाइक चोरी

बहादुरगढ़। बादली स्थित एक बैंक के बाहर से सिक्योरिटी गार्ड की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। बाबरा गांव के निवासी दीपक का कहना है कि 13 मई को वह ड्यूटी पर आया था। बाइक बैंक के बाहर खड़ी की थी। दोपहर दो बजे जब बैंक से बाहर निकला तो बाइक नजर नहीं आई।

**NOTICE**

I, Neeraj S/O Bijender Singh, R/o Vill. Barahi, Teh. Bahadurgarh , Distt. Jhajjar declare that In my passport, my sister's name (Sonia Kumari) has been mistakenly entered in the Spouse Name section, which I want to get corrected. My wife's name is Bhawana.

## खबर संक्षेप

### वैश्य स्कूल की 20 छात्राओं ने हासिल की मेरिट

**बहादुरगढ़।** माल गोदाम रोड स्थित वैश्य आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। विद्यालय की कुल 74 छात्राओं ने परीक्षा दी थी और सभी छात्राएं सफल रहीं। इनमें 20 छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान बनाया, जबकि 26 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। छात्रा वंदना ने 89.2 प्रतिशत अंक लेकर पहला स्थान प्राप्त किया। प्रिया ने 89.1 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि सुनैना 89 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। विषयवार प्रदर्शन में नीलाक्षी ने गणित में 84 और विज्ञान में 91 अंक प्राप्त किए। आरती ने सामाजिक विज्ञान में 90 अंक हासिल किए। प्रिया और काजल ने हिंदी में 88 अंक प्राप्त किए। टीना और उर्वशी ने अंग्रेजी में 97 अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### शक्ति विद्या मंदिर के 14 छात्रों ने बनाई मेरिट में जगह

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के शंकर गार्डन स्थित शक्ति विद्या मंदिर हाई स्कूल का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। स्कूल के 21 बच्चों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से 10वीं की परीक्षा दी थी, जिसमें से 14 बच्चों ने मेरिट सूची में स्थान पाया। स्कूल निदेशक प्रवीण कुमार शर्मा, प्राचार्य राजेश्वरी देवी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को इस बेहतरीन परिणाम पर बधाई दी। छात्रा राशि ने 500 में से 473 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि छात्र पंकज ने 470 अंक पाकर दूसरा स्थान, प्रदीप ने 464 अंक हासिल करके तीसरा व रूचि ने 454 अंक लेकर चौथा स्थान व आर्यन ने 447 अंक हासिल करते हुए 5वां स्थान पाया।

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 10वीं के नतीजों में 56 की मेरिट आई

# बीकेडी विद्यालय में होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

*भावना गर्ग ने 491 अंकों के साथ हरियाणा टॉप-10 में बनाया स्थान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बीकेडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित कक्षा दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा भावना गर्ग ने 491 अंक प्राप्त कर हरियाणा टॉप-10 में स्थान बनाया जबकि स्कूली स्तर पर तमन्ना ने 471 अंक लेकर दूसरा तथा साक्षी ने 463 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के 56 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में जगह बनाई। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी सफल विद्यार्थियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय निदेशक जितेंद्र रोहिला ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता संभव हुई है।



झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित होनहार विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। शानदार परिणाम पर खुशी मनाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### सोलधा के राजकीय स्कूल की पायल के आए 91% अंक

**बहादुरगढ़।** गांव सोलधा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी का माहौल बन गया। विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। विद्यालय में इस वर्ष 35 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 34 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। छात्रा पायल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। पायल ने 500 में से 455 अंक प्राप्त किए। दीक्षा ने 85.2 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं अमृता ने 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। प्रिंसिपल शीला ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह परिणाम बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### सनातन धर्म विद्यालय में बेहतर रिजल्ट पर जताई खुशी

**बहादुरगढ़।** सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा। कुल 52 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी विद्यार्थी सफल रहे। इनमें से 50 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। जबकि 39 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किए। इसी तरह 26 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। वहीं 7 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र रोहन ने 459 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आंचल ने 455 अंक लेकर दूसरा तथा मानसी ने 454 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय शिक्षा समिति के प्रधान जगदीश ऐलावाधी ने मेरिट पाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार दिया गया। उपप्रधान मुरार चंद बत्रा, महासचिव अशोक दुआ, प्रबंधक कश्मीरी लाल बत्रा तथा वरिष्ठ सदस्य शमशेर ठुकराल सहित अन्य इस अवसर पर मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। प्रिंसिपल के साथ अच्छे अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### निलोठी स्कूल ने हासिल किया बेहतर परिणाम

**बहादुरगढ़।** गांव निलोठी स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दसवीं कक्षा का परीक्षणा परिणाम बेहतर रहा। शानू 88.40, प्रगति 82.60 व वंशिका ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल प्रिंसिपल विजय खत्री ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित परीक्षा के उत्तीर्ण विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## संस्कार स्कूल के 11 विद्यार्थियों ने पाए 90 प्रतिशत से अधिक अंक

**झज्जर।** संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल छारा का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छात्रा कीर्ति ने स्कूल में प्रथम, संदीप ने द्वितीय व दिव्यांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 31 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। स्कूल निदेशक राजीव दलाल ने शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गंगा स्कूल का बारहवीं का परिणाम रहा उत्कृष्ट



**झज्जर।** सीबीएससी द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में गंगा स्कूल कबलाना में विज्ञान संकाय की छात्रा अंजली ने 96.4 प्रतिशत, दीपिका ने कला संकाय में 95 प्रतिशत और चेतना ने वाणिज्य संकाय में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने-अपने संकाय में प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के चेयरमैन भारत गुप्ता और प्राचार्या शिल्पी चड्ढा ने अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## महाराजा सूरजमल स्कूल की ईशिका ने 95.40% अंक पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव डाबोदा खुर्द स्थित महाराजा सूरजमल स्कूल के दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। परीक्षा देने वाले सभी 18 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी के साथ सफलता हासिल की।

छात्रा ईशिका ने 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अक्षय ने 94.60 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा गीतांशु ने 94.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। अक्षय, रितिका और गीतांशु ने सामाजिक अध्ययन विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया। इसके अलावा विद्यालय के 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 9 विद्यार्थियों ने 75 से 89 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए। विषयवार प्रदर्शन में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता दर्ज की। विद्यालय प्रबंधन व प्रिंसिपल ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

*परीक्षा देने वाले सभी 18 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी के साथ सफलता हासिल की*



झज्जर। शिक्षकों के साथ परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## दुर्गा स्कूल के 47 छात्रों ने बनाया मेरिट में स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल महराना का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। स्कूल के 65 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमे से 47 विद्यार्थियों ने मेरिट में नाम दर्ज कराया। 24 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। छात्रा खुशी ने 489 अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्रा हिमांशी ने 487 अंकों के साथ द्वितीय व मानसी 486 अंक लेकर तृतीय रही। भूमिका ने 485 तथा वर्षा ने 477 अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रबंधक रामचंद्र शर्मा ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पगड़ी बांधकर किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन कर सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि आर्ट्स संकाय में 96.4 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली छात्रा छात्रा रिद्धि, 96.2 प्रतिशत अंक लेने वाली स्नेहा, कॉमर्स में 96.4 प्रतिशत हासिल करने वाली प्रांजलि तथा 91.4 प्रतिशत अंक लेने वाली निकिता के अलावा 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले विद्यार्थी कनिका, रूपांशु, हर्षिता और मनीषा को सम्मानित किया गया। प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि 76 विद्यार्थियों में से 38 ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को पगड़ी पहनाकर व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया और भविष्य दहिया ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी।



झज्जर। सम्मान समारोह में होनहार विद्यार्थियों के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### श्रीश्याम सलोना वार्षिक उत्सव 30 मई को

**बहादुरगढ़।** श्रीश्याम निष्काम सेवादार ट्रस्ट की ओर से आगामी 30 मई को तीसरा श्रीश्याम सलोना महोत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यह उत्सव नजफगढ़ रोड स्थित राधा कृष्ण गार्डन में होगा। ट्रस्ट के प्रवक्ता ने बताया कि उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश जून, चेयरपर्सन सरोज राठी, भाजपा नेता दिनेश कौशिक आमंत्रित किए गए हैं। फतेहाबाद के नरेश नरसी, वृंदावन के मुरली मनोहर, मीनाक्षी, चुलाकाना धाम की तमन्या त्यागी, रोहद के धर्मेश दर्शन, बहादुरगढ़ की उमा सलोनी गुप्ता अपने भजनों से बाबा की महिमा का बखान करेंगे। मंच संचालक की भूमिका राजन कौशिक निभाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900



झज्जर। विजेता ट्रॉफी लेते हुए एसोसिएशन पदाधिकारी एवं विजेता खिलाड़ी।

## चैंपियनशिप में लड़कियों की टीम ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

तेलंगाना के महबूब नगर स्थित एमटीआर स्टेडियम में आयोजित 45वीं सब जूनियर नेशनल शूटिंग बॉल चैंपियनशिप में हरियाणा की लड़कियों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता, जबकि लड़कों की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। एमेच्योर शूटिंग बॉल एसोसिएशन के संरक्षक नरेश कटारिया , महासचिव मनोज कुमार, और जेपी कादियान ने बताया कि यह प्रतियोगिता 12 से 14 मई तक तेलंगाना में आयोजित हुई। शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले आयोजित प्रतियोगिता में हरियाणा अंडर-17 लड़कियों की टीम ने अपने पूल मुकाबलों में त्रिपुरा, तमिलनाडु और विदर्भ को हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में गुजरात, सेमीफाइनल में महाराष्ट्र तथा फाइनल में राजस्थान को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। लड़कों की टीम ने पूल मुकाबले में तेलंगाना और क्वार्टर फाइनल में उत्तराखंड को हराया, लेकिन सेमीफाइनल में गुजरात से हारने के बाद तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की टीम में सुमित, वर्षा, सानिया, मोनिका, निक्कू, नैंसी, तनीषा, शिवानी और नेहा व कोच कोमल शामिल रहीं। खिलाड़ी सुमित कुमारी को चैंपियनशिप का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। जबकि लड़कों की टीम में संजीव, विशाल, आदि, हेमंत, लोकेश, करणी सिंह, गरीसब, कार्तिक और अभी शामिल। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल एवं सामाजिक संगठनों के विभिन्न पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए विजेता टीम के खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

*तेलंगाना के एमटीआर स्टेडियम में 45वीं सब जूनियर नेशनल शूटिंग बॉल चैंपियनशिप में पाई सफलता*

### चाचा ने भतीजे पर किया कुल्हाड़ी से हमला, घायल

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा में जमीनी विवाद के चलते परिवार के लोग आपस में भिड़ गए और मारपीट तक की नौबत आ गई। हमले में एक किशोर कुल्हाड़ी लगने से घायल हो गया। उसे अस्पताल में ले जाया गया। घायल के चाचा पर ही हमला करने और धमकी देने का आरोप है। शिकायतकर्ता गुलाब सिंह का कहना है कि भाई के परिवार के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। हाल ही में भाई के परिवार ने हमारे परिवार के साथ झगड़ा किया था। हम थाने में शिकायत देने गए तो 15 वर्षीय बेटे कुनेश का फोन आया कि चाचा ने मेरे सिर में चोट मार दी है। इसके बाद उसे अस्पताल में ले गए। बेटे ने होश आने के बाद पूरी घटना बताई। बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। जांच के बाद ही आरोपों की सत्यता स्पष्ट हो सकेगी।

## सरकारी स्कूलों में दस्तावेज न होने पर भी मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सरकारी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश को लेकर शिक्षा विभाग ने नई व्यवस्था लागू की है। पहले स्कूलों में केवल ऑनलाइन माध्यम से दाखिला होता था, जिसमें आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और टीसी जैसे दस्तावेज अनिवार्य थे। अब विभाग ने ऑफलाइन प्रवेश की सुविधा भी शुरू कर दी है। इसके लिए अलग पोर्टल बनाया गया है, जिसका लिंक सभी स्कूलों के प्रिंसिपल और मुख्याध्यापकों को उपलब्ध कराया गया है। नई व्यवस्था के अनुसार यदि किसी अभिभावक के पास सभी जरूरी दस्तावेज हैं तो बच्चे का ऑनलाइन प्रवेश कराया जाएगा। वहीं यदि किसी कारण से दस्तावेज पूरे नहीं हैं, तब भी बच्चे का दाखिला नहीं रोका जाएगा। प्रवेश के बाद आवश्यक दस्तावेज जमा कराने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा। जनता जनार्दन सेवा समिति के पदाधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और अपने बच्चों का स्कूल में दाखिला अवश्य कराएं, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। सतबीर सिंह ने कहा कि यदि कोई स्कूल दस्तावेजों के अभाव में प्रवेश देने से मना करता है तो अभिभावक नई व्यवस्था की जानकारी दें। इसके बाद भी समस्या होने पर प्राथमिक शिक्षा अधिकारी से संपर्क करें।

### परिवार दिवस पर हुआ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

## संस्कारों की मजबूत नींव होता है परिवार: हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एचडी स्कूल एवं महाविद्यालय साल्हावास में शुक्रवार को परिवार दिवस के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप प्राचार्या नीलम कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्या प्रीति राठी ने की जबकि एचडी ग्रुप सचिव हेमंत मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने दादा-दादी, नाना-नानी, भाई-बहन, माता-पिता और चाचा-चाची की भूमिकाएं निभाकर पारिवारिक रिश्तों की महत्ता को दर्शाया। कार्यक्रम में नन्हें विद्यार्थियों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान कुछ विद्यार्थियों ने परिवार विषय पर लघु नाटिका की प्रस्तुति देते हुए परिवार का महत्व समझाया। मुख्यातिथि हेमंत गुलिया ने अपने संबोधन में कहा कि परिवार केवल लोगों का समूह नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और संस्कारों की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना चाहिए और पारिवारिक मूल्यों का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर डायरेक्टर रमेश गुलिया व सचिव विशाल नेहरा ने भी परिवार दिवस को लेकर विद्यार्थियों को संबोधित किया।



झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि